Datanet India

Date	Publication	Edition	Headline	Page
09-01-18	Uttaranchal Deep	Dehradun	Election Atlas of India – launched	05

इलेक्शन एटलस ऑफ इंडिया लॉन्च

देहरादून। सामाजिक आर्थिक एवं चुनावी सांख्यिकी आंकड़ों का प्रसार करने वाले भारत के प्रमुख आईटी इनेबल्ड संगठन डेटानेट इंडिया ने सोमवार को अपनी पुस्तक इलेक्शन एटलस ऑफ इंडिया का लॉन्च किया। भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. नसीम ज़ैदी की ओर से प्रस्तावित यह पुस्तक डेटानेट इंडिया के निदेशक डॉ. आर के ठुकराल द्वारा सम्पादित और प्रकाशित है। पुस्तक में चुनाव से जुड़े विभिन्न तथ्यों, मतदाताओं, उम्मीदवारों और वंचित समुदायों के विभिन्न स्तरों पर एकत्रित सांख्यिकी आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। इन मानकों और पहलुओं को जीआईएस टेकनोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए प्रभावी ग्राफ चार्ट, विषयगत मानचित्रों के रूप में प्रस्तुत किया गया है। एटलस में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में उप-चुनावों के बारे में ऐतिहासिक आंकड़ों तथा राज्यों के गठन एवं विभाजन के बाद हुए बदलावों पर रोशनी डाली गई है। पुस्तक के संपादक डॉ आर के ठुकराल के अनुसार एटलस चुनावी फीचर्स पर आधारित प्रासंगिक पुस्तक है जिसमें पहले आम चुनाव से लेकर आज तक सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावी परिणामों का विवरण है।